NURSE-ON-CALL

1300 60 60 24

विक्टोरियन सरकार की स्वास्थ्य पहल, **NURSE-ON-CALL** एक टेलीफोन सेवा है जो एक पंजीकृत नर्स द्वारा तत्काल, विशेषज्ञ स्वास्थ्य सलाह प्रदान करती है, यह **24/7 उपलब्ध** है।

विक्टोरिया* में कहीं से भी स्थानीय कॉल की कीमत के लिए **1300 60 60 24** पर कॉल करें।

मोबाइल फोन से *कॉल का शुल्क अधिक दर से लिया जा सकता है।
NURSE-ON-CALL विक्टोरियन सरकार की ओर से Healthdirect Australia द्वारा प्रदान की जाती है।

NURSE-ON-CALL

1300 60 60 24

उपलब्धता

क्या आपको दुभाषिए की ज़रूरत है?

131 450 पर टीआईएस इंटरनेशनल को कॉल करें और **NURSE-ON-CALL** से बात करने के लिए कहें।

अगर मुझे सुनने या बोलने में दिक्कत है तो मैं सेवा का उपयोग कैसे करूं?

राष्ट्रीय रिले सेवा उन कॉल करने वालों की सहायता के लिए उपलब्ध है जो सुनने या बोलने में अक्षम हैं। वॉयस रिले उपयोगकर्ताओं को **1800 555 727** पर रिंग करना चाहिए जबकि टेलीटाइपराइटर (TTY) उपयोगकर्ताओं को **1800 555 677** पर रिंग करना चाहिए और **NURSE-ON-CALL** से कनेक्ट होने के लिए कहना चाहिए। इंटरनेट रिले उपयोगकर्ता राष्ट्रीय रिले सेवा वेबसाइट के माध्यम से हेल्पलाइन का उपयोग करते हैं।

NURSE-ON-CALL, के बारे में अधिक जानकारी के लिए, **healthdirect.gov.au/nurse-on-call** पर जाएं।

विक्टोरियन सरकार, 1 ट्रेजरी प्लेस, मेलबर्न द्वारा अधिकृत और प्रकाशित। © विक्टोरिया राज्य, ऑस्ट्रेलिया, स्वास्थ्य विभाग, अगस्त 2021.
फिन्सबरी ग्रीन द्वारा प्रबंधित मुद्रित। (DH 2106065).

Hindi | हिन्दी

प्रत्येक विक्टोरियन के पास

NURSE-ON-CALL

1300 60 60 24

फोन पर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी 24/7 उपलब्ध है।

healthdirect.gov.au/nurse-on-call

VICTORIA State Government | Department of Health

जब आपको हमारी जरूरत हो तो हम आपके साथ हैं

NURSE-ON-CALL आपको चौबीसों घंटे देखभाल, पेशेवर स्वास्थ्य सलाह के लिए एक पंजीकृत नर्स के संपर्क में रखता है। **आपात स्थिति के लिए आपको हमेशा ट्रिपल ज़ीरो (000)** पर कॉल करना चाहिए लेकिन अन्य समय में **NURSE-ON-CALL** स्वास्थ्य सलाह के लिए आपकी सबसे अच्छी पसंद हो सकती है।

उदाहरण के लिए, आप कॉल कर सकते हैं जब:

- आप या आपकी देखभाल करने वाला कोई अस्वस्थ महसूस कर रहा हो
- आधी रात हो चुकी है और आप सुनिश्चित नहीं हैं कि आपको चिकित्सा सहायता लेनी चाहिए
- आप घर से दूर हैं या चिकित्सा सहायता से बहुत दूर हैं
- आप महज़ अपने क्षेत्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में सलाह या जानकारी चाहते हैं।

स्वास्थ्य संबंधी किसी भी समस्या पर चर्चा करने के लिए **NURSE-ON-CALL** को बेझिझक कॉल करें। स्थानीय कॉल* की कीमत पर, विक्टोरिया में कहीं से भी **1300 60 60 24** पर कॉल करें।

क्या होता है जब मैं स्वास्थ्य सलाह के लिए फोन करता/ती हूँ?

चरण 1 - एक पंजीकृत नर्स आपकी कॉल का जवाब देगी और कुछ बुनियादी विवरण एकत्र करेगी।

चरण 2 - इसके बाद नर्स आपसे आपके लक्षणों और आपके स्वास्थ्य से संबंधित अन्य मुद्दों के बारे में अनेक प्रश्न पूछेगी।

चरण 3 - कॉल के अंत में नर्स आपको, अपनी देखभाल करने के तरीके सुझा सकती है, आपको किसी जीपी से संपर्क करने की सलाह दे सकती है या, यदि आपकी स्थिति बहुत गंभीर है, तो आपकी कॉल **ट्रिपल ज़ीरो (000) को ट्रांसफर कर सकती है।**

ध्यान दें कि नर्सें आपके लक्षणों का पूर्ण निदान प्रदान नहीं करती हैं।

नर्सें उपलब्ध अप-टू-डेट स्वास्थ्य जानकारी का उपयोग करती हैं, जिससे आप जिस विषय के बारे में बात कर रहे हैं, उसके लिए आपको सर्वोत्तम गुणवत्ता-युक्त सलाह देती है।

निश्चय ही, आपके द्वारा प्रदान की जाने वाली सभी जानकारी गोपनीय रहती है और रिकॉर्ड पूरी तरह से सुरक्षित होते हैं।

स्वास्थ्य सलाह, और बहुत कुछ

NURSE-ON-CALL आपको अन्य स्वास्थ्य संबंधी जानकारी भी प्रदान कर सकती है, जैसे आपके क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं का विवरण या अन्य फोन हेल्प लाइन के नंबर।

NURSE-ON-CALL सभी विक्टोरियन लोगों को यह जानकर सुकून मिलता है कि पेशेवर स्वास्थ्य सलाह केवल एक फोन कॉल दूर है, दिन या रात के किसी भी समय।

मोबाइल फोन से कॉल का शुल्क अधिक दर से लिया जा सकता है।
NURSE-ON-CALL विक्टोरियन सरकार की ओर से Healthdirect Australia द्वारा प्रदान की जाती है।

सभी विक्टोरियाई लोगों के लिए 24 घंटे स्वास्थ्य सलाह

NURSE-ON-CALL

1300 60 60 24

आपातकालीन या जानलेवा स्थितियों के लिए, आपको हमेशा ट्रिपल ज़ीरो (000) पर कॉल करना चाहिए